# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 25/04/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Bhaskar (Ranchi,JKD)**

कूटनीतिक शो • रांची भाजपा का गढ़ है, बागी के विरोध के बीच संजय सेठ पहली दफा लड़ रहे चुनाव

# प्रधानमंत्री के रोड शो में प्रत्याशी संजय सेठ दर्शक दीर्घा में...अगर वे शामिल होते तो रोड शो का पूरा खर्च उनके खाते में जुड़ जाता

**प्रधानमंत्री के एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद रास्ते पर मोदी-मोदी के अलावा और कुछ भी नहीं सुनाई दे रहा था**

विनय चतुर्वेदी | रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड में चुनाव का माहौल बना दिया। लोकसभा चुनाव में पहली बार झारखंड पहुंचे मोदी ने आम लोगों को खुद से कनेक्ट कराया। साथ ही कार्यकर्ताओं का उत्साह भी आसमान पर पहुंचाया। ऐसे में प्रदेश भाजपा की रणनीति सफल रही। मोदी के आने तक एयरपोर्ट का चप्पा-चप्पा ठसाठस भर गया था। स्पष्ट लग रहा था कि भीड़ बुलाई हुई नहीं, बल्कि मोदी के आकर्षण में स्वतः खींची चली आई हो। बच्चे, बूढ़े, महिला-पुरुष, मोदी की प्रतीक्षा में करीब 4 बजे से ही खड़े थे। यह स्थिति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर बिरसा चौक तक की थी। मोदी को एक नजर देखने के लिए सभी व्यग्र थे। एयरपोर्ट से पीएम मोदी ठीक 6.38 बजे निकले। हवाई अड्डा के पीछे वाले रास्ते से मोदी का काफिला निकला। सबसे आगे मुख्यमंत्री रघुवर दास और प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी मंगल पांडेय थे। काली रंग की रेंज रोवर गाड़ी में प्रधानमंत्री सफेद कुर्ते में जैसे ही निकले, लोग मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। फिर तो एयरपोर्ट के रास्ते पर मोदी-मोदी के अलावा और कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था। अपनी गाड़ी के रूफटॉप से मोदी लोगों का अभिनंदन कर रहे थे। वहीं, प्रधानमंत्री के रोड शो में प्रत्याशी संजय सेठ दर्शक दीर्घा में थे। क्योंकि वे शामिल होते तो रोड शो का पूरा खर्च उनके खाते में जुड़ जाता।




जब भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पीएम पुष्प चढ़ाने जा रहे थे, तब संजय सेठ बैरियर के पीछे दर्शक दीर्घा में थे। यहीं, से उन्होंने पीएम का रोड शो देखा।

## लोग बोले- मोदी का आकर्षण पहले जैसा

रोड शो में पहुंचे लोगों ने बताया कि मोदी का आकर्षण अभी भी पूर्ववत है। प्रधानमंत्री को देखने के लिए साधारण परिवार के लोग इस तरह घंटों सड़क के किनारे खड़े रहेंगे, यह किसी ने सोचा भी नहीं था। पूरे रोड शो के दौरान सिर्फ मोदी नारे लगे। मोदी के आकर्षण के सामने भाजपा सारे नेता की चमक फीकी थी। हिनू और डोरंडा के व्यवसायी संतोष महतो और गजेंद्र सिंह ने कहा कि वे अपनी दुकानें बंद कर सिर्फ प्रधानमंत्री को देखने आए हैं। शिक्षक अंतर्यामी कुमार ने कहा कि वे अपनी पत्नी के साथ सिर्फ प्रधानमंत्री का दर्शन करने आए हैं।

## पीएम 6 बजे पहुंचे, वीआईपी लाउंज में सीएम से मिले कपड़ा चेंज किया और निकल गए रोड शो करने

### रांची आनेवाले यात्रियों को एयरपोर्ट पर करना पड़ा लंबा इंतजार

रांची | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शाम 6 बजे पीएम नरेंद्र मोदी का विमान लैंड किया। पीएम एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश करने के बाद वीआईपी लाउंज में गए। वहां सीएम रघुवर दास से मिले। पीएम रोड शो करने से पहले कपड़ा चेंज किए। लाउंज से निकले, विमान पकड़ने आए यात्रियों ने एराइवल एरिया में पहुंच कर मोदी-मोदी नारे लगाए। मोदी भी खुद को रोक नहीं सके और यात्रियों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। यात्रियों के एराइवल में पहुंचने पर यात्रियों को कंट्रोल करने में सुरक्षा कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शाम 6:40 बजे पीएम मोदी रोड शो करने के लिए एयरपोर्ट से निकले। इस दौरान एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा की गई थी। एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर एसपीजी की कड़ी निगाह थी।

**यात्रियों को बाहर निकलने के लिए दो घंटे करना पड़ा इंतजार**

विमान से रांची आए यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री एयरपोर्ट पर ही सड़क मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, करीब दो घंटे तक यात्री एयरपोर्ट पर इंतजार किए। उसके बाद घर के लिए प्रस्थान किया।

## हर जगह मोदी फैंस

### बिरसा चौक : आंधी और बारिश से फटा पोस्टर तो निकले मोदी फैंस



जमीन पर जगह नहीं मिली तो लोग वैसी जगहों पर चढ़ गए, जहां सिर्फ पोस्टर और होर्डिंग दिखते है। पिछले दिनों आई आंधी और बारिश से पोस्टर और बैनर फट गए थे तो मोदी को एक झलक पाने के लिए उनके फैंस होर्डिंग स्टैंड पर चढ़ गए।

## संजय सेठ की हार देख, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रांची आना पड़ा : रामटहल चौधरी

रांची | रांची संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रामटहल चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की हार देखते हुए प्रधानमंत्री को भी रांची आना पड़ा। हालांकि, इससे उनकी जीत पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। चौधरी ने मंगलवार को कांके विधानसभा क्षेत्र के सुकुरहुट्टू व कई अन्य पंचायतों में पद यात्रा की। इस दौरान उन्होंने आम जनता से फुटबॉल के समर्थन की अपील की। इस दौरान उनके साथ चुनिंदर महतो, हिनेश्वर महतो, मुकुल लाल महतो, सुनिता महतो, बबिता मेहता व कई अन्य नेता भी थे।

Govan Varta (Goa)

## सर्वच उमेदवारांकडून विजयाचा दावा : संवेदनशील केंद्राची पोलिसांकडून पाहणी

# म्हापसा पोटनिवडणूक; ७७.५२ टक्के मतदान

प्रतिनिधी | गोवन वार्ता

म्हापसा : म्हापसा पोटनिवडणुकीसाठी मतदान केंद्राच्या बाहेर दारू व पैसे वाटप करण्याच्या प्रकारासह अनेक मतदान मशीनमध्ये बिघाड वगळता सुरळीत मतदान पार पडले. ७७.५२ टक्के मतदान झाले असून २०१७ च्या विधानसभेच्या तुलनेत एका टक्क्याने मतदान कमी झाले आहे. २०१७ मध्ये ७८.४८ टक्के मतदान झाले होते. प्रमुख दोन राष्ट्रीय पक्षांच्या उमेदवारांसह सर्वच उमेदवारांनी विजयाचा दावा केला आहे.

सकाळपासून सायंकाळपर्यंत म्हापसा मतदारसंघातील ४२ मतदान केंद्रांवर लोकांची रेलचेल सुरू होती. काही मोजकीच मतदान केंद्रे वगळता इतर मतदान केंद्रांसमोर मतदारांच्या मोठ्या रांगा दिसल्या नाहीत. कुचेली येथे सरकारी शाळा, मरड येथे सरकारी संकुल, करासवाडा, खोर्ली या भागातील मतदान केंद्रावर मतदारांच्या रांगा होत्या.

दुपारी १२.३० च्या सुमारास मरड येथे सरकारी संकुलातील मतदान केंद्राच्या बाहेर मतदारांना दारू व पैसे वाटणाऱ्या तिघांपैकी डायगो डिसोझा यास लोकांच्या तक्रारीवरून भरारी पथकाने पकडले. त्याच्या जवळील दारू हस्तगत केली व त्यास पोलिसांच्या स्वाधीन केले. या प्रकारावरून या केंद्रावर तणावाचे वातावरण निर्माण झाले होते.

खोर्ली व एकतानगरमधील २८ व ३१ या दोन संवेदनशील मतदान केंद्राचे उत्तर गोव्याच्या पोलिस अधीक्षक चंदन चौधरी यांनी उपअधीक्षक राजेंद्र प्रभुदेसाई, गजानन प्रभुदेसाई व निरीक्षक कपिल नायक यांच्या समवेत भेट देऊन तेथील परिस्थितीची पाहणी केली. या मतदान केंद्रावर तैनात राष्ट्रीय राखीव दलाच्या प्रमुखांना दक्ष राहण्याची सूचना केली.

म्हापसा पोटनिवडणुकीचे मतदान शांततेत पार पडले. काही व्हीव्हीपॅट व व्हीव्हीपॅड मशीनमध्ये बिघाड झाला होता. राखीव असलेल्या मशिनांद्वारे ही मशिने बदलून होणारी गैरसोय दूर करण्यात आली. एका मतदान केंद्राच्या बाहेर दारू वितरित करण्याचा प्रकार घडला. भरारी पथकाकडून त्या व्यक्तीस पोलिसांच्या स्वाधीन करण्यात आले. एकूण मतदान ७७.५२ टक्के झाले आहे, अशी माहिती निर्वाचन अधिकारी कबीर शिरगावकर यांनी दिली.



खोर्ली-म्हापसातील संवेदनशील मतदान केंद्राची पाहणी करताना पोलिस अधीक्षक चंदन चौधरी व पोलिस अधिकारी. (उमेश झर्मेकर)

### बिघाड झाल्याने मशिने बदलली

मतदान केंद्र क्रमांक ८, १२, ४९, ३०, ३८, ३३ या केंद्रांतील सकाळीच व्हीव्हीपॅट मशीन व व्हीव्हीपॅडमध्ये बिघाड आल्याने ही मशिने त्वरित बदलण्यात आली. ३३ क्रमांकाच्या मतदान केंद्रावर तर वारंवार मशीनमध्ये बिघाड होण्याचा प्रकार घडला. त्यामुळे सुमारे तासभर सर्वच मतदान केंद्रावरील मतदान खोळंबल्याने मतदारांच्या रांगा लागल्या होत्या.

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP)**



नामांकन पत्रों की जांच के दौरान तैनात आरएएफ • जागरण

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।